हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, शनिवार, 16 नवंबर 2024

# मेट्रो सिटी



## आदिवासी गढ़ेवाल कोष्टी समाज का दटके को समर्थन

**नागपुर।**

मध्य नागपुर में प्रवीण दटके ने अपने प्रचार में जोर पकड़ लिया है और उन्हें विभिन्न समाजों और संगठनों का समर्थन प्राप्त हो रहा है। 10 नवंबर को चिनप्पा स्वामी अखाड़ा सभागृह में आदिवासी गढ़ेवाल कोष्टी समाज विकास संस्था की एक बैठक हुई, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि आदिवासी गढ़ेवाल कोष्टी समाज प्रवीण दटके को अपना समर्थन देगा।

मध्य नागपुर में आदिवासी गढ़ेवाल कोष्टी समाज के सदस्य बड़ी संख्या में निवास करते हैं, और इस समाज के समर्थन से भाजपा का विश्वास मजबूत हुआ है। दटके ने इस समर्थन को सराहा और कहा कि वे समाज के विश्वास को सार्थक करेंगे। बैठक के बाद आदिवासी कोष्टी समाज के पदाधिकारियों ने प्रवीण दटके से उनके घर पर मुलाकात की और समाज के लिए कुछ प्रमुख मांगें रखी। इन मांगों में नागपुर में आदिवासी गढ़ेवाल कोष्टी समाज के लिए सांस्कृतिक भवन बनाना, समाज के युवाओं के लिए रोजगार सृजन के कार्यक्रम शुरू करना और बेरोजगारों के लिए रोजगार और शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करना शामिल है। दटके ने इन समस्याओं को समझते हुए समाज के लिए हमेशा काम करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर आदिवासी गढ़ेवाल कोष्टी समाज के प्रमुख सदस्य जैसे राजेश निखारे, सुरेश बारापात्रे, खुशाल हेडाऊ, ईश्वर शेंदरे, रुपेश हेडाऊ, धनराज धकाते, अनिल कोल्हे, वंदनाबाई कोलटकर, राजेश बांगडे, अरुण शेंद्रे, विठ्ठल बारापात्रे, गोपाल बांगडे, रमेश पराते, राजेश हेडाऊ, राजेश गुन्नाडे, भाग्यश्री पराते, रीना निमजे, रवींद्र निखाडे, सुरेश सोनकुसरे, रामेश्वर हेडाऊ और त्रिवेणी बर्वे उपस्थित थे।



## बावनकुले विकास के लिए प्रतिबद्ध नेतृत्व: गडकरी

**नागपुर।**

मौदा में आयोजित एक जनसभा में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने चंद्रशेखर बावनकुले के नेतृत्व की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि इस बार भी भाजपा-महायुती को मौदा और कामठी क्षेत्र की जनता का जबरदस्त समर्थन मिलेगा। उन्होंने कहा कि बावनकुले विकास के प्रतीक हैं और उनके नेतृत्व में क्षेत्र का समग्र विकास हुआ है। गडकरी ने बताया कि कामठी क्षेत्र में पिछले 10 वर्षों में लगभग 5000 करोड़ रुपये की सड़क निर्माण परियोजनाएं पूरी की गई हैं। बावनकुले और टेकचंद सावरकर ने इस क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने के लिए निरंतर काम किया है। खासकर किसानों के कल्याण के लिए सिंचाई परियोजनाओं पर ध्यान दिया गया है।

सभा में बावनकुले ने कहा, भाजपा-महायुती की सरकार सभी धर्मों और समाजों का साथ देने वाला है। मैं आपका आशीर्वाद पाकर यहां तक पहुंचा हूं और क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।" उन्होंने यह भी कहा कि यदि ग्राम पंचायतें सहयोग देती हैं, तो वे प्रत्येक गांव में परमात्मा एक सेवक के आश्रम का निर्माण करेंगे। इस अवसर पर विधायक टेकचंद सावरकर, विधायक कृपाल तुमाने, अनिल निधान, वरिष्ठ नेता सदानंद निमकर, जिप.सदस्य राधा अग्रवाल, कैलास बरबटे, पं.स.उपसभापति खेमराज चाफले, पं.स.सदस्य कीर्ती पायतोडे, माजी जिप अध्यक्ष निशा सावरकर आदि उपस्थित थे।

# ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने पहुंचे सीपी

### > चुनाव के संबंध में सुरक्षा व्यवस्था का प्रत्यक्ष जायजा लिया

**नागपुर।**



पुलिस आयुक्त डॉ.सिंगल ने शुक्रवार को विधानसभा चुनाव के संबंध में सुरक्षा व्यवस्था का प्रत्यक्ष जायजा लिया। इस दौरान वे सदर सिविल लाइन स्थित सेंट उर्सुला गर्ल्स हाईस्कूल में पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। मतदान के दिन प्रत्येक बूथ पर पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों की तैनाती, शांति एवं सुरक्षा, पुलिस द्वारा संचार साधनों का उपयोग, सीसीटीवी कैमरे, बूथों की सुरक्षा, संवेदनशील एवं खतरनाक बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, विशेष सावधानियों का खुलासा करने के संबंध में आपातकालीन साहित्य के लिए पुलिस संपर्क नंबर, सुरक्षा की समीक्षा की गई।

इस दौरान उन्होंने ईवीएम स्ट्रांग रूम की भी जांच की साथ ही स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के संबंध में सुरक्षा रक्षकों सहित मतदान अधिकारी से उपाय योजना के संबंध में चर्चा की। और जहां तक संभव हो संवेदनशील जगहों पर अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात करने की भी निर्देश दिए ।

चुनावी ड्यूटी के दौरान पुलिस कर्मियों ने बजाय अपना हक शहर के अलग-अलग जगहों पर चुनाव बंदोबस्त में ड्यूटी कर रहे सभी पुलिस कर्मियों ने शुक्रवार को मतदान किया। इस बार 1006 पुलिस कर्मियों ने पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान करने का आवेदन किया है।

### पुलिस कर्मियों ने पोस्टल बैलेट के जरिये किया मतदान

शहर के छह बूथों में शुक्रवार को पोस्टल बैलेट के जरिये ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने मतदान किया। इस दौरान पुलिस आयुक्त ने सेंट उर्सुला गर्ल्स हाईस्कूल में बैलेट पेपर द्वारा चल रही चुनाव प्रक्रिया का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को भी मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए योग्य सूचना देकर मार्गदर्शन किया।



## गर्लफ्रेंड के साथ एमडी तस्करी करते अपराधी गिरफ्तार

### >होटल के कमरे से पुलिस ने पकड़ा

**नागपुर।**

बेलतरोडी पुलिस थाना क्षेत्र में डीबी पथक के अधिकारियों ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए शुक्रवार एमडी ड्रग्स की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मनीष नगर स्थित ओयो के श्रद्धा इन होटल के कमरे में में दो आरोपी अवैध रूप से एमडी ड्रग्स के साथ मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और दोनों आरोपियों को धर दबोचा।

गिरफ्तार आरोपी सूरज रमेश गुफावार (27) छोटा ताज बाग, सक्करदरा, और हर्षा सुभाष भगत (27) विश्वकर्मा नगर, अजनी का समावेश है। इन दोनों आरोपियों पर एमडी ड्रग्स की तस्करी और बिक्री करने का आरोप है। पुलिस ने इनसे 7 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद किया, जिसकी कीमत लगभग 17,000 रुपये बताई जा रही है।

इसके अलावा पुलिस ने आरोपियों के पास से बुलेट मोटरसाइकिल (कीमत 2,80,000 रुपये), दो मोबाइल फोन (कीमत 40,000 रुपये) और 3,500 रुपये नकद भी जब्त किए हैं। इन सभी सामग्रियों का कुल मूल्य 3,40,500 रुपये है।पुलिस ने एडीपीएस (नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है।

बता दें कि सूरज गुफावार के खिलाफ इससे पहले भी हत्या के प्रयास मारपीट जैसे मामले दर्ज हैं और वह साप्ताहिक बाजार में सब्जी बेचने का काम करता है। पुलिस को सूरज के उसकी गर्लफ्रेंड हर्षा के साथ मिलकर एमडी की तस्करी में भी लिप्त होने की जानकारी मिली थी जिसके बाद से ही पिछले कुछ दिनों से पुलिस उसकी गतिविधियों पर नजर रख रही थी। शुक्रवार को सूरज के श्रधा इन होटल के कमरे में गर्लफ्रेंड के साथ होने की पुख्ता जानकारी मिली थी । जिसके बाद पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर एमडी के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि इन दोनों को भी एमडी खाने की भी लत है।

## सरकारी कॉन्ट्रैक्ट का झांसा देकर ठगे 15 लाख

**नागपुर।** सरकारी कॉन्ट्रैक्ट दिलाने का झांसा देकर एक युवक से 15 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। यह घटना प्रताप नगर पुलिस थाना क्षेत्र के आईटी पार्क सुभाष नगर में स्थित चाय की दुकान चलाने वाले फरियादी अविनाश कृष्ण कुमार (28) के साथ घटित हुई।

जानकारी के अनुसार, आरोपी अजय जसवंत सिंह हजारे (33) निवासी नागड, बानोटी, तहसील कन्नड़, जिला औरंगाबाद ने फरियादी अविनाश से साल 2013 में दोस्ती की थी। 5 मार्च 2023 से 25 अगस्त 2023 के बीच आरोपी ने अविनाश को यह भरोसा दिलाया कि वह सरकारी कॉन्ट्रैक्ट दिला सकता है और मध्य प्रदेश के उमरदा रोड पर एक बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने पर अच्छा मुनाफा होगा। इस झांसे में आकर अविनाश ने आरोपी को 15




लाख रुपये की राशि आरटीजीएस के जरिए भेज दी।

समय बीतने के बाद जब अविनाश को न तो मुनाफा मिला और न ही उसके द्वारा निवेश की गई राशि वापस मिली, तो उसने आरोपी से कई बार पैसे की मांग की। लेकिन आरोपी ने उसे बार-बार टालमटोल करते हुए पैसे वापस करने में आनाकानी की। इसके बाद, परेशान होकर अविनाश ने प्रताप नगर पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है।

## सरपंचों के कारण विकास कार्यों में रुकावट: उमरे

### >टाकलघाट को नगर परिषद का दर्जा देने की हो रही है मांग



**हिंगना/नागपुर।** बुटीबोरी टाकलघाट, जो सर्कल का एक प्रमुख और महत्वपूर्ण गांव है, को वानाडोंगरी की तरह नगर परिषद का दर्जा मिलने की ग्रामवासियों की मांग है। हालांकि, टाकलघाट के राष्ट्रवादी पार्टी के वर्तमान सरपंच के अडियल रवैये के कारण इस गांव का नगर परिषद में रूपांतरण नहीं हो पा रहा है और विकास कार्य भी रुक गए हैं, ऐसी चिंता जिला परिषद के विपक्षी नेता आतिश उमरे ने व्यक्त की। वे हिंगना विधानसभा क्षेत्र में भाजपा महायुति के उम्मीदवार विधायक समीर मेघे के प्रचार सभा में बोल रहे थे।

सभा में देविका सागर मेघे, हरिचंद्र अवचट, पल्लवी कुकडकर, श्रावण जुनघरे, आरती कुकडे सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर उमरे ने कहा, 2017 में जब वानाडोंगरी ग्राम पंचायत थी, तब भाजपा की महानंदा पाटील सरपंच थीं। विधायक मेघे की अपील पर महानंदा पाटिल ने ढाई साल का कार्यकाल रहते हुए सरपंच पद से इस्तीफा दिया और ग्राम पंचायत को बरखास्त कर वानाडोंगरी को नगर परिषद बनाने की पहल की। इसके बाद शासन के अध्यादेश से वानाडोंगरी को नगर परिषद का दर्जा मिला, जिससे वहां के विकास में तेजी आई और जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिला।

आतिश उमरे ने यह भी कहा कि आज टाकलघाट के लोग भी अपने गांव को नगर परिषद का दर्जा दिलाने की लगातार मांग कर रहे हैं, लेकिन सरपंच के कठोर रवैये के कारण विकास कार्यों में बाधा आ रही है। उन्होंने सरपंच से अपील की कि वह जनमत का सम्मान करते हुए ग्राम पंचायत में प्रस्ताव पारित करें और इस क्षेत्र का व्यापक विकास सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय विधायक के माध्यम से इसे शासन तक पहुंचाएं।

### बोखारा ग्राम पंचायत नगर पालिका बनने के लिए उत्सुक

बोखारा, वाड़ी सर्कल का एक प्रमुख गांव, जिसमें आज 20,000 से अधिक लोग रहते हैं, नगर पालिका बनने के लिए उत्सुक है। बोखारा के सरपंच भाऊराव गोमासे ने भाजपा के उम्मीदवार समीर मेघे के प्रचारार्थ आयोजित सभा में कहा कि ग्राम पंचायत ने नगर पालिका बनने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं और जल्द ही प्रस्ताव संबंधित विभाग में भेजने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।सभा में माजी विधायक सागर मेघे, भाजपा अध्यक्ष मोरेश्वर वन्हाडकर, माजी अध्यक्ष ज्ञानेश्वर ढोक, अर्जुन सिंह, ग्राम पंचायत सदस्य नरेंद्र खोटे, सुखदेव बोन्डे, राघव मेघे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## डॉ.देशमुख बदलेंगे सावनेर-कलमेश्वर की सूरत: बावनकुले

**नागपुर।**



मैं डॉ.आशीष देशमुख को भारी मतों से जिताने का अनुरोध करने आया हूं। कामठी विधानसभा का विकास उतना नहीं होगा जितना सावनेर-कलमेश्वर विधानसभा का। आपके सामने एक ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ता है दूसरी ओर किसानों के केंद्रीय बैंक से 150 करोड़ रुपये निकाल लिए गए, उनका कांग्रेस उम्मीदवार खड़ा है। उक्त विचार भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने व्यक्त किये. वे डॉ.आशीष देशमुख के खपा में आयोजित सभा में बोल रहे थे।

बावनकुले ने कहा कि आप जानते हैं कि सुनील केदार को पांच साल की जेल हो गई है। अब वह 2024 में चुनाव नहीं लड़ सकते संगठन ने चुनाव नहीं लड़ने के लिए सावरकर जैसे छोटे कार्यकर्ता को पार्टी को दिया। सुनील केदार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर भरोसा नहीं है. भाईयों-बहनों, चुपचाप जाकर अकेले ही फॉर्म भर दिया। यहां अब भाई-भतीजावाद नहीं. आपको डॉ.देशमुख जैसा नेतृत्व मिलेगा जो जमीनी स्तर के लोगों की मदद करेगा और इस क्षेत्र का समग्र विकास करेगा। वह इस क्षेत्र में अवैध धंधों, गुंडागर्दी को रोकेंगे, नए उद्योग लाएंगे और इस क्षेत्र में युवाओं को रोजगार देंगे, महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करेंगे, किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा आगे रहेंगे। हम सावनेर-कलमेश्वर क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अनुरोध करते हैं कि वे 20 तारीख को डॉ.देशमुख के लिए भारी मतदान करें।

इस समय डॉ. देशमुख ने कहा, आम आदमी, किसान, खापा के मुस्लिम भाइयों की हालत में सुधार नहीं हो रहा है. यहां गौरवशाली परंपरा थी. इसकी दुर्दशा सुनील केदार के कारण ही हुई है. सुनील केदार ने दो पीढ़ियां बर्बाद कर दीं. बेहद आक्रोश और अत्यधिक गुस्सा सुधीर केदार लोग इस दिन केदार के खिलाफ अपना गुस्सा व्यक्त करने जा रहे हैं। केवल सुनील केदार ही यहां नौकरी करना चाहते हैं, तो उन्हें बाहर जाना होगा। अगर हम यहां उद्योग लगाएं तो बड़ेगांव के लोगों को काफी रोजगार मिलेगा। हम फेरो अलॉय का प्रोजेक्ट लाएंगे. यहां रोजगार सृजन होगा, हम खापा, बड़ेगांव में प्रोजेक्ट लाएंगे और खापा का तेजी से विकास भी करेंगे। इन हिस्सों में एक भी उद्योगपति ने एक भी फैक्ट्री नहीं लगाई। फैक्ट्रियां एमपी में जाती हैं। हमारे पास उनसे अधिक वन संपदा है। हर दृष्टि से यहाँ सुख-सुविधाएँ हैं।

## 223 बोरी सुपारी के साथ एक गिरफ्तार

**नागपुर।**



क्राइम ब्रांच यूनिट 4 और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग दस्ते ने संयुक्त कार्रवाई कर पेट्रोलिंग के दौरान कापसी पुल पर एक ट्रक से बड़ी मात्रा में सुपारी जप्त की है। इस कार्रवाई के दौरान ट्रक चालक इबरार आलम तौफीर आलम (23) छोटा माधवपुर, पोस्ट उसनी चनपुरा जिला छपरा बिहार निवासी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 13 नवंबर को क्राइम ब्रांच यूनिट 4 की टीम एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग दस्ते के साथ पारडी थाना परिसर में गस्त कर रही थी इस दौरान कापसी पुल पर उन्हें एक संदिग्ध ट्रक क्रमांक डब्लू. बी. 23 एफ 7922 जाते हुए दिखाई दिया। उसे रुकवा कर जब उसकी जांच की गई तो उसमें 223 बोरी सुपारी मिली जिसकी कुल कीमत 26 लाख 59944 रुपए बताई जा रही है। इस दौरान ट्रक चालक से जब इस माल के संबंध में दस्तावेज की मांग की गई तो वह कोई भी दस्तावेज नहीं दे पाया। पूछताछ में उसने बताया कि यह सारी सुपारी वेस्ट बंगाल कोलकाता निवासी कमल इंटरप्राइजेज की है और वह सारे माल को कोलकाता से नागपुर लेकर आ रहा था। पुलिस ने अन्न व औषध विभाग को इसकी सूचना देकर जप्त माल को आरोपी सहित आगे की कार्रवाई के लिए उनके हवाले किया है।

# नागपुर ट्रैफिक शाखा में हुआ दिवाली मिलन कार्यक्रम

**नागपुर.**



ट्रैफिक शाखा द्वारा आयोजित 'दिवाली मिलन' कार्यक्रम शुक्रवार को सिविल लाइन स्थित स्वागत लॉन में बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर ट्रैफिक पुलिस विभाग के सभी अधिकारी, महिला और पुरुष पुलिस कर्मी मौजूद थे। कार्यक्रम का उद्देश्य दिवाली और गुरु नानक जयंती के शुभ अवसर पर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की मेहनत और समर्पण को सराहना था।

कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस उपायुक्त अर्चित चांडक के प्रास्ताविक भाषण से हुई। उन्होंने ट्रैफिक पुलिस के कार्यों की सराहना करते हुए विशेष रूप से दिवाली के समय व्हीआईपी ड्यूटी निभाने में पुलिस कर्मियों द्वारा किए गए प्रयासों को उल्लेखनीय बताया। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस की मेहनत और समर्पण से ही नागपुर शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से चलती है।

इस मौके पर पुलिस आयुक्त डॉ.रविंद्र सिंगल ने ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को रिफ्लेक्टर, बैटन और जैकेट्स वितरित किए। पुलिस आयुक्त ने कार्यक्रम में भाग लेते हुए ट्रैफिक पुलिस के कार्य की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि "दिवाली मिलन" कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस विभाग के सभी सदस्यों के बीच एकता और आत्मीयता का संबंध बनाना है।

इसके अलावा, कार्यक्रम में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने अपने अनुभव साझा किए। पुलिसकर्मी उमेश ठाकुर ने ट्रैफिक प्रबंधन के महत्व को उजागर किया, वहीं महिला पुलिस कर्मी गीता चव्हाण ने कार्य के दौरान आने वाली चुनौतियों का सामना करते हुए जिम्मेदारी को पूरी तरह से निभाने की बात की।

कार्यक्रम के समापन पर सहायक पुलिस आयुक्त बाविस्कर ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने ट्रैफिक शाखा के सभी अधिकारियों और कर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता की कामना की।

## प्रतिबंधित तंबाखु के साथ एक गिरफ्तार

**नागपुर।**

सक्करदरा पुलिस द्वारा छोटा ताजबाग परिसर में छापमारी करके एक युवक को बड़ी मात्रा में प्रतिबंधक तंबाखु ले जाते हुए गिरफ्तार किया है. आरोपी का नाम गौसिया कालोनी निवासी मोहम्मद शहंशाह मोहम्मद अल्ताफ (30) बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 10 बजे गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छोटा ताजबाग चौक पर फिल्डिंग लगाकर शहंशाह को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 2260 रुपये का शासन द्वारा प्रतिबंधित तंबाखु जब्त किया गया। पुछताछ में उसने बताया कि वह बेचने लिए यह माल ले जा रहा था। उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया। जांच जारी है।



## पिल्ले ने डॉ.जैस्वाल के कार्यों की सराहना की

**नागपुर।**

रामटेक विधानसभा क्षेत्र में आगामी चुनाव को लेकर महायुती के उम्मीदवार डॉ.आशिष जैस्वाल का प्रचार जोरों पर है। इस सिलसिले में शिवसेना के वरिष्ठ नेता वध्रराज पिल्ले ने डॉ.आशिष जैस्वाल की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि डॉ.जैस्वाल ने कन्हान क्षेत्र के लिए जो विकास कार्य किए हैं, वह अन्य किसी विधायक के कार्यों से कहीं बेहतर हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं के लिए डॉ. जैस्वाल ने जो योजनाएँ और कार्य किए हैं, वे क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित हुए हैं। पिल्ले ने जोर देकर कहा कि अब तक इस प्रकार के कार्य किसी भी विधायक ने नहीं किए हैं, और यह डॉ. जैस्वाल की दृढ़ इच्छा और क्षेत्र के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है।

वध्रराज पिल्ले ने यह भी कहा कि रामटेक विधानसभा का चुनाव किसी बाहरी उम्मीदवार के लिए नहीं है, बल्कि यह चुनाव रामटेक के भूमिपुत्र डॉ. आशिष जैस्वाल ही जीतेंगे। उनका दावा है कि रामटेक क्षेत्र के लोग अब समझ चुके हैं कि केवल वही उम्मीदवार क्षेत्र की वास्तविक समस्याओं और उनके समाधान से भलीभांति परिचित हैं। पिल्ले ने यह भी कहा कि डॉ. जैस्वाल के नेतृत्व में रामटेक में नई संभावनाएँ और विकास की दिशा में और गति आएगी।

पिल्ले का यह बयान चुनावी माहौल को और भी गर्म कर सकता है, क्योंकि अब रामटेक के मतदाता यह तय करेंगे कि वे किसे अपना नेतृत्व सौंपेंगे। आगामी चुनाव में डॉ.आशिष जैस्वाल की जीत को लेकर उम्मीदें अधिक हैं, और उनका प्रचार तेजी से बढ़ रहा है।

CMYK

# नागपुर जिले में 7 संस्थाओं के 8 सोयाबीन खरीदी केंद्रों को मान्यता

## > भिवापुर, कलमेश्वर, काटोल, कुही, नरखेड, रामटेक, सावनेर में शुरू हुए केंद्र

**नागपुर.**

मौसमी सीजन 2024-25 में केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित आधार दर के अनुसार नाफेड/एनसीसीएफ के माध्यम से सोयाबीन की खरीदी के लिए किसानों का ऑनलाइन पंजीकरण 1 अक्टूबर से शुरू किया गया है। सोयाबीन की प्रत्यक्ष खरीदी प्रक्रिया 15 अक्टूबर से शुरू की गई है। इसके मद्देनजर नागपुर जिले में 7 संस्थाओं के 8 खरीदी केंद्रों को मान्यता दी गई हैं।



खरीदी एवं बिक्री संगठन भिवापुर, कलमेश्वर तालुका- खरीदी एवं बिक्री संगठन कलमेश्वर, काटोल तहसील खरीदी एवं बिक्री संगठन काटोल, कुही तालुका- तालुका खरीदी एवं बिक्री संगठन उमरेड केंद्र कुही, नरखेड तहसील खरीदी एवं बिक्री संगठन नरखेड, रामटेक तहसील खरीदी एवं बिक्री संगठन रामटेक, सावनेर तालुका- तालुका खरीदी एवं बिक्री संगठन सावनेर, उमरेड तहसील खरीदी एवं बिक्री संगठन उमरेड है। जिले में किसान पंजीयन हेतु 8 सोयाबीन केन्द्रों मंजूरी मिली हुई हैं। जिले के सभी किसानों से अनुरोध किया गया है कि वे निकटतम खरीदी केन्द्र पर जाकर किसान के रूप में पंजीयन करायें।

पंजीयन के लिए किसानों को अपना आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, चालू सीजन की फसल बुआई जैसे सातबारा, पैटर्न आठ-ए, सामान्य सातबारा क्षेत्र यदि सभी के पास आधार कार्ड हो तो सहमति पत्र, अद्यतन बैंक पासबुक ज़ेरॉक्स आदि के साथ आवेदन करना होगा। जहां तक नमी की मात्रा का सवाल है.

### 12 प्रतिशत से कम नमी वाली सोयाबीन बिक्री के लिए लाएं: विपणन अधिकारी

सुनिश्चित करें कि यह 12 प्रतिशत से कम हो और सोयाबीन एफएक्यू गुणवत्ता की हों। इसके लिए आप अपने सोयाबीन के सैंपल खरीदी केंद्र पर लेकर आएं और नमी की मात्रा जांच लें। यदि नमी की मात्रा 12 प्रतिशत से कम है, तो अपनी सोयाबीन को बिक्री के लिए खरीदी केंद्र पर लाएँ ताकि अधिक नमी की मात्रा के कारण आपकी सोयाबीन को वापस ले जाने की नौबत न आए। जिला विपणन अधिकारी अजय बिसने ने किसानों को इसका लाभ लेने व सहयोग करने की अपील की है।

# संजय राउत की टिप्पणी पर विवाद

**नागपुर.**

चेंबर ऑफ एसोसिएशंस ऑफ महाराष्ट्र इंडस्ट्री एंड ट्रेड के अध्यक्ष डॉ. दिपेन अग्रवाल के नेतृत्व में प्रमुख व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने व्यापारियों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों के संबंध में औपचारिक शिकायत दर्ज करने के लिए कलेक्टर और रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. विपिन इटनकर और पुलिस आयुक्त डॉ. रविंदर कुमार सिंगल से मुलाकात की।



## > व्यापारियों ने दर्ज कराई शिकायत

प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख प्रतिनिधि शामिल थे: नाग विदर्भ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अर्जुनदास आहूजा, सचिव सचिन पुनियानी और पीआरओ हेमंत सरडा; नागपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स लिमिटेड के उपाध्यक्ष तरुण निर्वाण और निदेशक वसंत पालीवाल; विदर्भ स्टील एंड हार्डवेयर चैंबर के उपाध्यक्ष संजय के. अग्रवाल; नागपुर जनरल मर्चेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक संघवी; और मसाला एसोसिएशन के सलाहकार दिलीप ठकराल।

सीएएमआईटी के अध्यक्ष डॉ. दिपेन अग्रवाल ने व्यापारियों की ओर से बोलते हुए कहा कि व्यापारी एक शांतिप्रिय और कानून का पालन करने वाला समुदाय है। उन्होंने आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बनाए रखने, रोजगार सृजन, और राज्य के राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान देने में व्यापारियों की अहम भूमिका पर जोर दिया। शिवसेना सांसद संजय राउत द्वारा व्यापारियों को झूठा, धोखेबाज और मिलावटखोर कहे जाने वाली निराधार और अपमानजनक टिप्पणियों से व्यापारी समुदाय हैरान और व्यथित है। डॉ. अग्रवाल ने कहा, ऐसी अवांछनीय टिप्पणियां उस प्रतिबद्धता, ईमानदारी, और मेहनत को ठेस पहुंचाती हैं, जिसके माध्यम से व्यापारी समुदाय ने दशकों से राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है।" एनसीसीएल के अर्जुनदास आहूजा ने बताया कि इस तरह के आरोप न केवल व्यापारियों की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाते हैं, बल्कि जनता और व्यापारिक समुदाय के बीच विश्वास को भी कमजोर करते हैं। एनसीसीएल के तरुण निर्बान ने कहा कि चाहे महामारी के आर्थिक प्रभाव हों, महंगाई हो या नियामक चुनौतियां, व्यापारिक समुदाय ने हमेशा समाज की सेवा करने की अपनी प्रतिबद्धता और दृढ़ता दिखाई है। डॉ. अग्रवाल ने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे शिकायत का संज्ञान लें और कानूनी रूप से उचित कार्रवाई करें ताकि हर नागरिक, जिसमें व्यापारी भी शामिल हैं, को "गरिमा के साथ जीने" के मौलिक अधिकार की रक्षा की जा सके। प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यान से सुनने के बाद, कलेक्टर डॉ. इटनकर और पुलिस आयुक्त डॉ. सिंगल ने आश्वासन दिया कि मामले में आवश्यक और उचित कार्रवाई की जाएगी।

# न्यू एपोस्टोलिक इंग्लिश स्कूल में मनाया बाल दिवस

## > 24 स्टार प्राइड क्लब का उपक्रम

**नागपुर.**



24 स्टार प्राइड क्लब ने न्यू एपोस्टोलिक इंग्लिश स्कूल के जूनियर सेक्शन के बच्चों के लिए भारत पर आधारित ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 3, कक्षा 4 और कक्षा 5 के बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में 24 स्टार प्राइड क्लब की प्रेसिडेंट डॉ. रिचा राजकुमार जैन, डायरेक्टर विजय वर्मा, सदस्य प्रज्ञा मोदी, पंकज कोहली, डॉ. खुशी जैन, स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. विनीत बाउर, डायरेक्टर विक्टर बेंजामिन और जूनियर स्कूल की सभी शिक्षिकाएं उपस्थित थीं। विजेता बच्चों की सूची प्रथम पुरस्कार: सुधाकर (कक्षा 3), द्वितीय पुरस्कार: दक्ष रामटेक (कक्षा 4), तृतीय पुरस्कार: इशिका काशी (कक्षा 5), सांत्वना पुरस्कार: अल्तमस शेख, युग गजबे, निहित मोहब्बत. कार्यक्रम की शुरुआत विक्टर बेंजामिन द्वारा प्रार्थना के साथ हुई। स्कूल के शिक्षकों ने बाल दिवस पर आधारित गीत प्रस्तुत किया। सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके बाद, प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ. रिचा जैन ने बच्चों द्वारा बनाई गई बेहतरीन ड्रॉइंग्स की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि 24 स्टार प्राइड क्लब हमेशा ऐसे आयोजनों के जरिए बच्चों की प्रतिभा को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम का समापन मीनल अंबागढ़ द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# विठ्ठल-रुक्मणि मंदिर में आज कीर्तन



**कामठी.** रणाला स्थित विठ्ठल-रुक्मणि मंदिर में शनिवार को कार्तिक पूर्णिमा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा. सुबह से ही विठ्ठल - रुक्मिणी मंदिरों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. सुबह 9 बजे वारकरी भजन मंडली द्वारा नृत्य, कीर्तन करते हुए डिंडियां निकली जाएगी. वहीं दोपहर 12 बजे पारंपरिक वेशभूषा में ह.भ.प. प्रधाने महाराज का संगीतमय कीर्तन होगा. उसी प्रकार मंदिर कमेटी की ओर से सभी भक्तजनों के लिए दोपहर 2 बजे से रात्रि के 8 बजे तक महाप्रसाद का आयोजन किया गया है. विठ्ठल - रुकमणी मंदिर कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती विमल नागोराव साबरे ने श्रृद्धालुओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित रहकर पूजा का लाभ लेने की अपील की है.

# श्री नागपुर गुजराती ब्रह्म समाज का दीपावली स्नेह मिलन संपन्न

**नागपुर.**



श्री नागपुर गुजराती ब्रह्म समाज के गांधीबाग स्थित भवन में समाज के अध्यक्ष संजय ठाकर के मार्गदर्शन में में दीपावली मिलन संपन्न हुआ कार्यक्रम में माता लक्ष्मी की पूजा कर द्वीप प्रज्वलन किया इसके पश्चात सभी समाज बंधुओ ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर समाज के ट्रस्टी मंडल के अध्यक्ष नरेंद्र जहां ट्रस्टी अशोक त्रिवेदी, उपाध्यक्ष निकीलेश ठाकर, राजेंद्र मेहता, कोषाध्यक्ष अशोक झा, मनद मंत्री चेतन जोशी,केयूर व्यास, आदी मंच पर उपस्थित थे इस अवसर पर समाज ट्रस्टी मंडल के अध्यक्ष नरेंद्र झा ने दीपावली की हार्दिक शुभेच्छा देते हुए कहा कि समाज बंधुओ ने ऐसा ही समाज के प्रति सद्भाव रखते हुए समाज बांधो का हाथ से हाथ मिलाकर समाज के उन्नति के लिए काम करना चाहिए, समाज उन्नति करेगा तो हम भी उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ेंगे तथा समाज बंधुओ से अनुरोध किया कि वह समाज के लिए समाज के साथ हमेशा कार्यबद्ध रहेंगे. इस ट्रस्टी मंडल अध्यक्ष नरेंद्र जहां ट्रस्टी अशोक त्रिवेदी, उप प्रमुख निखिलेश ठाकर , राजेंद्र मेहता,मानद मंत्री चेतन जोशी कोषाध्यक्ष अशोक जहां, सदस्य जयेश जोशी, अनूप शुक्ला , राजेश जोशी, केयूर व्यास, मुकेश जोशी विनोद जोशी अल्पेश जोशी धर्मेश शुक्ला बटुक जोशी राजेश दवे बालकिशन जोशी चेतन महाराज त्रिवेदी, महिला मंडल चे नीता शुक्ला पूर्व अध्यक्ष कोकिला जहां ,नूतन जहां ,कीर्ति जोशी ,कविता शुक्ला जया त्रिवेदी , जोशना जोशी,दीप्ति पांडीया, आरती मेहता अर्चना जोशी चेतना जोशी मोनिका भट्ट ,युवा मंडल प्रमुख हिमांशु शुक्ला , चिराग जोशी नीरव जोशी कारण दवे कौशिक जोशी पूर्व प्रमुख अमरीश मेहता नीरज व्यास,हितेश त्रिवेदी ,कनिष्क मेहता, आदि समाज बंधु उपस्थित थे.

इस अवसर पर समाज मानव मंत्री चेतन जोशी ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए समाज के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी एवं समाज बंधुओ का आभार व्यक्त करते हुए पुनस्य दीपावली की शुभकामनाएं दी आगामी कार्यक्रमों में समाज बंधुओ की बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर कार्यक्रम का लाभ लेने की विनंती की.

# बसपा के मनोज रंगारी ने थामा कांग्रेस का हाथ

**कामठी.**



विधानसभा चुनाव का मतदान अभी हुआ नहीं है, लेकिन राजनीतिक गलियारे में इसे लेकर हलचल शुरू हो गई है. बसपा के कामठी - मौदा विधानसभा क्षेत्र प्रभारी मनोज रंगारी ने गुरुवार को गोलबाजार में आयोजित कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश भोयर के प्रचार जनसभा में जाकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए. वे पूर्व मंत्री सुनील केदार, सांसद श्यामकुमार बर्वे, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस महासचिव शकुर नागाणी, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष शाहजहां सफात अंसारी, पूर्व उपाध्यक्ष अहफ़ाज़ अहमद ठेकेदार, कांग्रेस शहर अध्यक्ष रमेश दुबे, शहर कार्याध्यक्ष लक्ष्मण संगेवार, छावनी क्षेत्र कांग्रेस के अध्यक्ष रितेश मानसिंह यादव, उपाध्यक्ष सोमेश जेटली, शहर महिला अध्यक्ष सुरैया बानो, शहर सेवादल अध्यक्ष नितेश कुमार यादव, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष नीरज यादव, पूर्व अध्यक्ष गुड्डू मानवटकर, पूर्व नगरसेवक नीरज लोणारे के समक्ष कांग्रेस के प्रचार सभा में कांग्रेस में शामिल हुए. सुनील केदार ने मनोज रंगारी को कांग्रेस का दुपट्टा पहनाकर कांग्रेस में शामिल कराया. कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के बाद मनोज रंगारी ने खुशी जताई. उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के प्रति विश्वास जताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से गरीबों शोषितों नौजवानों व बेरोजगारों के हित की आवाज रही है. मनोज रंगारी के साथ दर्जनों लोग ने कांग्रेस की सदस्यता ली जिसमें सुनील इलमकर, सुबोध पाटील, भीमराव वासनिक, अश्विन गवई, प्रशांत वासनिक, चंद्रमणि गजभिये, सोनटक्के सर, गुणवंत घरड़े, चव्हाण टेलर आदि शामिल हैं.

# ड्रैगन पैलेस फेस्टिवल का पहला दिन हर्षोल्लास संपन्न

## > भिक्षु संघ की उपस्थिति में हुआ विशेष बुद्ध वंदना, धम्मदेसना

**कामठी.**

विश्व प्रसिद्ध ड्रैगन पैलेस टेंपल की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर दो दिवसीय ड्रैगन पैलेस फेस्टिवल आयोजित कार्यक्रम में आज शुक्रवार को जापान के भदंत कानसेन मोचिदा (अध्यक्ष इंटरनेशनल निचिरेन शू फेलोशिप एसोसिएशन) और भिक्खु संघ का ड्रैगन पैलेस टेंपल प्रमुख, ओगावा सोसायटी अध्यक्ष, पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखा कुंभारे के हस्ते पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया. इस मौके पर बड़ी संख्या में धम्मसेवक एवं धम्मसेविका उपस्थित थे.



हर साल की तरह, ड्रैगन पैलेस टेंपल की स्थापना को ड्रैगन पैलेस फेस्टिवल के रूप में भव्य तरीके से मनाया जाता है. इस वर्ष भी ड्रैगन पैलेस टेंपल की 25वीं वर्षगांठ रजत जयंती के अवसर पर आज शुक्रवार को ड्रैगन पैलेस फेस्टिवल का आयोजन किया गया.

ड्रैगन पैलेस टेंपल की 25वीं वर्षगांठ पर, आज शुक्रवार को सुबह भदंत कानसेन मोचिदा, जापान (अध्यक्ष इंटरनेशनल निचिरेन शू फ़ेलोशिप एसोसिएशन) और देश-विदेश से भिक्खु संघ की उपस्थिति में एक विशेष बुद्ध वंदना और धम्मदेसना का आयोजन भी किया गया. उल्लेखनीय है कि ड्रैगन पैलेस टेंपल की 25वीं वर्षगांठ का कार्यक्रम ओगावा सोसायटी और अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाता है. ड्रैगन पैलेस की वर्षगांठ समारोह में विभिन्न देशों के 40 से अधिक बौद्ध विशेष अतिथि के रूप में भाग लिए. इस अवसर पर आईबीसी के महासचिव केनसूर रिनपोह जंगजुप छोदेन भी विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में उपस्थित रहे. वहीं शुक्रवार को शाम 7 से मुंबई के प्रसिद्ध पावा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा बुद्ध गाथाओं पर आधारित ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन भी गया. एड. सुलेखा कुंभारे ने बताया कि ड्रैगन पैलेस टेंपल की रजत जयंती के अवसर पर वर्ष भर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ जनोपयोगी गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं.



# कार्तिक पूर्णिमा और काकड़ आरती संपन्न

**वाड़ी.**

रामभक्त हनुमान सेवा ट्रस्ट नरेंद्र नगर द्वारा कार्तिक पूर्णिमा और काकड आरती समापन हुई.इस दौरान उपस्थित अध्यक्ष दिवाकर पाटणे इनके नेतृत्व मे प्रभात फेरी निकाली गई. इसमे उपस्थित ट्रस्ट के विश्वस्त सुरेश इंगोले, विनोद रामेदवार, विठोबा सलोटकर, अनुप बुराडे, रत्नाकर गांगमवर, प्रमोद महाजन व महीला पदाधिकारी चंदा चव्हाण, मालती महाजन, पुष्पा पेठे, आशा इंगोले,राहणी निमजे, दुर्गा मालेवार, माधुरी बालबुदे, कल्पना नासरे, संध्या शांडिल्य, मंगला बुरादे, शकुंतला माहुलकर, छाया कलंबे, लीना वाकोडिकर, लीला मेहर, छाया मोहिते, शिल्पा खडसे, चंदा कड्डू, अनुराधा जाधव, माणिक आस्कर मौजूद थे।

# चुनाव ड्यूटी से अनुपस्थित रहे टीम मुखिया पर धमकी का मामला दर्ज

**कामठी.**



स्थानीय कामठी- मौदा विधानसभा क्षेत्र में भरारी टीम प्रमुख के रूप में नियुक्त किए गए मंडल अधिकारी राजेश सदाशिव चुटे के खिलाफ ड्यूटी में लापरवाही बरतने और बिना कोई पूर्व सूचना दिए अनुपस्थित रहने और मोबाइल फोन कर उन्हें बातचीत के दौरान आचार संहिता सेल के कर्मचारियों के लिए अपमानजनक टिप्पणी करने तथा एसडीओ देख लेने की धमकी दिए जाने का मामला दर्ज कराया गया है.

ज्ञात हो कि आगामी 20 नवंबर को होने वाले कामठी-मौदा विधानसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में 16 अक्टूबर, 2024 से आदर्श आचार संहिता लागू की गई है. साथ ही, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किए बिना पारदर्शी और भयमुक्त वातावरण में चुनाव कराने के लिए इस निर्वाचन क्षेत्र में आचार संहिता के लिए चुनाव निर्णय अधिकारी सचिन गोसावी ने विभिन्न टीमों का गठन किया है, साथ ही आदर्श आचार संहिता कक्ष का निर्माण करते हुए भरारी दस्ता संख्या 6 दस्ता प्रमुख मंडल अधिकारी राजेश चुटे को नियुक्त किया गया है. राजेश चुटे 9 नवंबर की रात 12 बजे से 12 नवंबर 2024 की सुबह 8 बजे तक बिना सूचना के अनुपस्थित रहे. इस संबंध में आदर्श आचार संहिता प्रकोष्ठ के कर्मचारी प्रदीप भोकरे ने जब मोबाइल फोन पर संपर्क किया गया तो राजेश चुटे ने उनके साथ अभद्र और अपमानजनक व्यवहार किया, साथ ही चुनाव निर्णय अधिकारी एस.डी.ओ के साथ उन्हें भी देख लेने की धमकी देने के लिए राजेश चुटे को कारण बताओ नोटिस जारी किया. इस संदर्भ में कोई जवाब न देकर चुनाव कार्य में बाधा उत्पन्न करना, आदेश में कर्तव्य का उल्लंघन करना, फोन के माध्यम से चुनाव कार्य में बाधा उत्पन्न करना, आचार संहिता सेल के कर्मचारियों और चुनाव रिटर्निंग अधिकारी एसडीओ सचिन गोसावी को धमकी देने के लिए फरियादी प्रदीप भोकरे द्वारा कामठी पुलिस स्टेशन में दायर शिकायत पर भरारी टीम प्रमुख मंडल अधिकारी राजेश चुटे के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है.

# नागपुर जिले में घर से मतदान की शुरुआत

## > दिव्यांग और बुजुर्गों ने निभाया मतदान का कर्तव्य

**नागपुर.**

चुनाव आयोग के आदेशानुसार 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में कामठी विधानसभा क्षेत्र के 129 मतदाताओं ने घर बैठे अपने मताधिकार का प्रयोग किया. कामठी विधानसभा क्षेत्र के 85 वर्ष से अधिक उम्र के 120 मतदाताओं और 21 विकलांग मतदाताओं ने मतदान के अधिकार के लिए कामठी विधानसभा क्षेत्र के चुनाव रिटर्निंग अधिकारी सचिन गोसावी को आवेदन दिया था। इस पर संज्ञान लेते हुए चुनाव आयोग के आदेशानुसार कामठी विधानसभा क्षेत्र के 141 मतदाताओं में से 129 को घर से मतदान करने की सुविधा प्रदान हुई. चुनाव निर्णय अधिकारियों की ओर से होम वोटिंग के लिए 15 टीमों का गठन किया गया, जिसके अनुसार चुनाव टीम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने घर-घर जाकर बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं की चुनाव मतदान प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न करवाया.



यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी पात्र मतदाता मतदान से वंचित न रह जाए, जिला निर्वाचन प्रणाली पूरी लगन से काम कर रही है। आज दिव्यांग और बुजुर्गों ने घर से मतदान करके अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग किया। जिले के दूरदराज और दुर्गम इलाकों में रहने वाले बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान कर लोकतंत्र के उत्सव में अपनी भागीदारी निभाई। मजबूत लोकतंत्र के लिए हर एक वोट महत्वपूर्ण होता है। भारत निर्वाचन आयोग ने 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता प्रमाणपत्र वाले मतदाताओं के लिए घर से मतदान की सुविधा प्रदान की है, ताकि कोई मतदाता मतदान से वंचित न रहे। इस दिशा में जिला निर्वाचन अधिकारी और जिलाधिकारी डॉ. विपिन इटनकर के मार्गदर्शन में 14 और 15 नवंबर को जिले में घर से मतदान की प्रक्रिया संपन्न हो रही है। इसकी शुरुआत आज जिले के 12 विधानसभा क्षेत्रों से की गई है। रामटेक तहसील के मध्यप्रदेश सीमा से सटे अत्यंत दुर्गम क्षेत्रों में बुजुर्गों ने अपने मतदान के अधिकार का उपयोग किया। इनमें कट्टा, सावरा, तुलारा और बेलदा जैसे दुर्गम क्षेत्रों के नौ मतदाताओं ने घर से मतदान किया। साथ ही, कामठी के दिव्यांग मतदाता विनायक कुलदीवार, फौजिया तब्बस्सुम सय्यद मोहम्मद अली और राजेश मेश्राम ने भी घर से मतदान कर अपना कर्तव्य निभाया। 14 और 15 नवंबर को काटोल विधानसभा क्षेत्र में दिव्यांग और 85+ आयु वर्ग के मतदाताओं के लिए घर-घर जाकर मतदान कराने हेतु 23 टीमें बनाई गई हैं। नागपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में दिव्यांग और 85+ आयु वर्ग के मतदाताओं के लिए आज 24 टीमें तैनात की गईं, नागपुर उत्तर (अ.जा.) विधानसभा क्षेत्र में 7 टीमें, और रामटेक विधानसभा क्षेत्र में 15 टीमें सक्रिय रहीं।

भारत निर्वाचन आयोग ने यह विशेष व्यवस्था की है ताकि 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता प्रमाणपत्र वाले मतदाता अपने घर से मतदान कर सकें। 14 और 15 नवंबर के दौरान जिले के 12 विधानसभा क्षेत्रों में 3,437 मतदाता घर से मतदान कर रहे हैं, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के 1,416 और शहरी क्षेत्रों के 2,021 मतदाता शामिल हैं।

# जगत प्लाजा महिला मंडल ने मनाया तुलसी विवाह



**नागपुर.**

जगत प्लाजा महिला मंडल की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पारंपरिक तरीके से "तुलसी विवाह" का आयोजन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से विवाह संबंधी रस्मों की शुरुआत की जाती है। इस अवसर पर 110 वर्ष पुरानी भगवान विष्णु की प्राचीन प्रतिमा की पूजा की गई, जो पीढ़ियों से श्रद्धापूर्वक पूजी जा रही है। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. सुनीता शर्मा और गुंजन खंडेलवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को तुलसी के पौधे वितरित किए गए, ताकि इस परंपरा को आगे बढ़ाया जा सके। इस अवसर पर रेखा पांडे, जयमाला तिवारी, रेखा चतुर्वेदी और पंकज शर्मा जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने भी अपनी उपस्थिति से आयोजन की शोभा बढ़ाई। पूरे विधि-विधान के साथ विवाह समारोह संपन्न हुआ।

# 26 आरोपियों को वाड़ी हद्द से किया तड़ीपार

## > गंभीर अपराध करने वाले आरोपियों की वाडी पीआई तटकरे ने कसी लगाम

**वाड़ी.**

विधानसभा चुनाव के दौरान शांति और व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस उपायुक्त (जोन-I) लोहित मतानी ने गुरुवार को वाडी थाने से नागपुर जिले के बाहर आपराधिक रिकॉर्ड वाले 26 आरोपियों को दो साल के लिए तड़ीपार करने का आदेश दिया।इनमें हिस्ट्रीशीटर और आदतन अपराधी शामिल हैं।26 असामाजिक तत्वों से लिप्त आरोपियों को जिले से बाहर भेज दिया गया।डीसीपी मतानी और एसीपी सतीश गुरव की देखरेख में वरिष्ठ पीआई राजेश तटकरे के नेतृत्व में वाडी पुलिस द्वारा निष्कासन आदेशों को क्रियान्वित किया गया। वाडी के कई गुटों के अपराधिक प्रवृति के आरोपियों का समावेश है।साथ ही आने वाले चुनाव के बाद भी और कई आरोपियों को हड़पर करने की जानकारी पुलिस द्वारा दी गई।तड़ीपार होने वालो में बब्लू दिवाकर वानखेड़े गैंग के प्रदीप धर्मपाल तसरे,आकाश धर्मपाल तसरे उम्र 27 वर्ष,जीतेन्द्र उर्फ जुगानु छोटू बेलांगे,सुमित उर्फ मान्या योगेश नारनवरे,हर्ष उर्फ बिल्ली राजेश कहार,प्रज्वल उर्फ धम्मा अनिल बागड़े,आदित्य विलास वालदे,गिरिधर खुशाल रंगारी उम्र 42 वर्ष,प्रीतम उर्फ सिघु उमाशंकर शर्मा और कुणाल देवराव सातपुते की गैंग से आकाश उल्हास नारनवारे उम्र 35 वर्ष,रोशन कृष्णाजी गजभिए उम्र 28 साल, रोशन होमराज भोरकर और आठवां मेल गैंग के निलेश उर्फ छोटु ज्ञानेश्वर गवई,शुभम् चरणदास मेंडे, पंकज बलदेव वानखेड़े, रोहन कैलास राउत,शुभम कैलास ससाने, नरेंद्र उर्फ नरू रामखिलावन पांडे, अविनाश पुष्पराज डेहनकर, शुभम उर्फ धूदरी गणेश सावडे, प्रतीक उर्फ अमित रत्न खेडकर, अक्षय बंडू मोरे, मिलिंद विश्वनाथ खिल्लारे, प्रतीक श्याम राव लोटाने को 2 साल के लिए हद्द से तड़ीपार किया गया। यह करवाई पीआई राजेश तटकरे ने की है।आगे की करवाई जारी है।



# अंतिम चरण में चुनाव प्रचार

## > चारों विधानसभा क्षेत्रों में कांटे का संघर्ष




**गोंदिया.**

जिले की चार विधानसभा सीटों के लिए आगामी 20 नवंबर को मतदान होगा एवं 23 नवंबर को मतगणना होगी। जैसे-जैसे मतदान की तिथि नजदीक आती जा रही है, वैसे-वैसे चुनाव प्रचार भी गरमाने लगा है। बड़े नेताओं की सभा, घर-घर जनसंपर्क, सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाताओं से संपर्क साधने एवं उन्हे अपने पक्ष में करने का प्रयास किया जा रहा है। गोंदिया जिले में वैसे तो सभी विधानसभा क्षेत्रों में अनेक दलों के उम्मीदवार चुनाव मैदान में है।लेकिन चुनावी संघर्ष की जो स्थिती उभरकर सामने आई है।

उसमें यह स्पष्ट है कि चारों विधानसभा सीटों में मुख्य संघर्ष भाजपा, शिवसेना (शिंदे) एवं राकांपा (अजित पवार) की महायुती एवं कांग्रेस, राकांपा (शरदचंद्र पवार) एवं शिवसेना (उबाठा) की महाविकास आघाडी के उम्मीदवारों के बीच ही है। गोंदिया विधानसभा क्षेत्र में कुल 15 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है, लेकिन मुख्य मुकाबला महायुती के विनोद अग्रवाल एवं महाविकास आघाडी के गोपालदास अग्रवाल के बीच ही हो रहा है। चुनाव प्रचार के लिए महायुती की ओर से नितीन गडकरी एवं महाविकास आघाडी की ओर से राहुल गांधी का दौरा हो चुका है। इन बड़े नेताओं की सभा के बाद दोनों ही दलों के कार्यकर्ताओं में जोश दिखाई पड़ रहा है। चुनाव में जीत के लिए नेताओं के साथ ही कार्यकर्ताओं ने भी अपने-अपने उम्मीदवारों के पक्ष में पुरी ताकत झोंक दी है। लेकिन दावे कोई कुछ भी करें वस्तुस्थिती यह है कि कोई भी राजनितिक पंडित यहां जीत की माला किसके गले में पड़ेगी यह दावे के साथ नहीं कह सकता।

तिरोड़ा विधानसभा सीट पर सर्वाधिक 21 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। लेकिन मुख्य मुकाबला महायुती के वर्तमान विधायक विजय रहांगडाले एवं महाविकास आघाडी के राकांपा (शरदचंद्र पवार) के उम्मीवार रविकांत बोपचे के बीच माना जा रहा है। पिछले चुनाव में भी यह दोनों उम्मीदवार आमने-सामने थे। विजय रहांगडाले वर्तमान विधायक है और उन्हे भाजपा ने तिसरी बार टिकीट दिया है। महाविकास आघाडी की ओर से शरद पवार की सभा हो चुकी है। अब देखना यह है कि 23 नवंबर को इस क्षेत्र की जनता वर्तमान विधायक को जीत की हैट्रिक बनाने के लिए आशीर्वाद देती है या नए चेहरे को विधानसभा में प्रतिनिधित्व करने के लिए अपना आशीर्वाद देती है। विश्लेषकों की माने तो इस सीट पर जीत-हार का अंतर काफी अधिक नहीं होगा।

अर्जुनी मोरगांव विधानसभा (अनुसूचित जाती) सीट पर 19 उम्मीदवार इस चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे है। यहां महाविकास आघाडी के उम्मीदवार कांग्रेस के दिलीप बंसोड़ एवं महायुती के उम्मीदवार राकांपा (अजित पवार) के उम्मीदवार राजकुमार बडोले के बीच कडा संघर्ष दिखाई पड़ रहा है। यहां दोनों ही गठबंधनों को बगावत का सामना करना पड़ रहा है। राकांपा (अजित पवार) छोड़कर डा. सुगत चंद्रिकापुरे निर्दलीय के रूप में चुनाव मैदान में है। भाजपा के रत्नदीप दहीवले ने भी टिकीट न मिलने के कारण बगावत कर दी है। वहीं कांग्रेस के नेता अजय लांजेवार ने भी उम्मीदवारी नहीं दिए जाने से नाराज होकर निर्दलीय के रूप में चुनाव मैदान में उतरकर बगावत का बिगुल फुक दिया है और सभी जोरों से चुनाव प्रचार में लगे हुए है। अब बागी उम्मीदवार महायुती और महाविकास आघाडी के उम्मीदवारों की जीत की संभावना को कितना प्रभावित कर पाते है? इस पर ही उनका राजनितिक भविष्य तय होगा और जितने वाले उम्मीदवार का भाग्य भी इसी पर निर्भर होगा। फिलहाल यहां बहुकोणीय संघर्ष की स्थिती साफ दिखाई पड़ रही है।

### भाजपा-कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला

आमगांव विधानसभा (अनुसूचित जनजाती) क्षेत्र में जिले में सबसे कम 9 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। यहां महायुती की ओर से भाजपा के संजय पुराम एवं महाविकास आघाडी की ओर से कांग्रेस के राजकुमार पुराम के बीच चुनावी मुकाबला होना तय माना जा रहा है। यहां भाजपा में बगावत हुई है एवं भाजपा नेता रहे शंकरलाल मडावी निर्दलीय के रूप में चुनाव मैदान में है। उन्हे पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते भाजपा से निष्कासित कर दिया गया है। इस क्षेत्र के मतदाताओं ने आज तक कभी किसी भी निर्दलीय उम्मीदवार को प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं दिया है। कांग्रेस ने अपने वर्तमान विधायक सहषराम कोरोटे का टिकीट काटकर पूर्व में सरकारी अधिकारी रहे राजकुमार पुराम को उम्मीदवारी दी है। वहीं भाजपा ने संजय पुराम को तिसरी बार टिकट देकर मैदान में उतारा है। चुनाव प्रचार में महायुती, महाविकास आघाडी से आगे दिखाई पड़ रही है, लेकिन मतदाताओं के मन में क्या है? यह कहा नहीं जा सकता।

## रेल प्रबंधक ने सिग्नलिंग सिस्टम का किया निरीक्षण

**गोंदिया.** रेलवे की ओर से चलाए जा रहे सेफ्टी ड्राइव के तहत मंडल रेल प्रबंधक नमिता त्रिपाठी ने 13 नवंबर 2024 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से डोंगरगढ़ के बीच संरक्षा का निरीक्षण किया। इस मौके पर मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परामर्श कर दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ट्रैक रखरखाव, सिगनलिंग सिस्टम, संरक्षा प्रक्रियाओं और लेवल क्रॉसिंग की समग्र स्थिति का मूल्यांकन पर विशेष जोर दिया। इसके अलावा निरीक्षण में कार्यरत ऑन ड्यूटी कर्मचारियों की तत्परता और दक्षता का आंकलन करने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। निरीक्षण के दौरान डोंगरगढ़ क्रू लॉबी, डोंगरगढ़ ईस्ट में स्थित पॉइंट क्रमांक 104 तथा 106 की बारीकी से जांच की। इसी क्रम में सिग्नलिंग उपकरणों की कार्यक्षमता की भी जांच की गई। लेवल क्रॉसिंग की स्थिति और संचालन की भी जांच की गई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे रेल और सड़क उपयोगकर्ताओं दोनों के लिए पर्याप्त संरक्षा प्रदान करते हैं। नमिता त्रिपाठी ने उच्च संरक्षा मानकों को बनाए रखने और रेलवे परिचालन की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कर्मचारियों को रेलवे की संरक्षा और दक्षता बढ़ाने के लिए अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

## हिंदी विश्वविद्यालय में मनाई बिरसा मुंडा जयंती

### > सामाजिक जागरण के अग्रदूत थे बिरसा मुंडा: कुलपति प्रो. सिंह



**वर्धा.**

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में शुक्रवार 15 नवंबर को महान क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। कुलपति प्रोफेसर कृष्ण कुमार सिंह एवं कुलसचिव प्रोफेसर आनन्द पाटील ने विश्वविद्यालय के बिरसा मुंडा छात्रावास में बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अभिवादन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर सिंह ने कहा कि बिरसा मुंडा सामाजिक जागरण के अग्रदूत थे। उन्होंने जल, जंगल और जमीन के अधिकार के लिए संघर्ष किया और समाज को अपने अधिकार के प्रति जागरूक रहने का रास्ता दिखाया। उन्होंने महज 25 वर्ष की आयु में आयु में सामाजिक जागरण के कार्य कर साम्राज्यवादी ताकत के खिलाफ आवाज उठाई। कुलपति प्रो. सिंह ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे बिरसा मुंडा के जीवन - संघर्ष एवं कर्मों से प्रेरणा लें। इस अवसर पर कुलसचिव प्रोफेसर आनन्द पाटील, डॉ. जयंत उपाध्याय, डॉ. रामानुज अस्थान ने भी बिरसा मुंडा के जीवन- दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यार्थी चंदन सरोज, नीरज छिलवार, पुलोंग व पंकज कुमार आदि ने भी कविता और वक्तव्य के माध्यम से बिरसा मुंडा के कार्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थी दीपक कुमार ने किया तथा बिरसा मुंडा छात्रावास के अधीक्षक डॉ. हेमचंद्र ससाने ने आभार माना। कार्यक्रम के पश्चात कुलपति प्रो. सिंह एवं कुलसचिव प्रो. आनन्द पाटील ने छात्रावास का भ्रमण किया और छात्रावास में दी जा रही सुविधाओं तथा समस्याओं का निरीक्षण किया।

कार्यक्रम में छात्रावास अधीक्षक डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. सूर्य प्रकाश पाण्डेय, डॉ. रणंजय कुमार सिंह, डॉ. प्रदीप, डॉ. श्रीनिकेत मिश्रा, बी.एस. मिरगे, सुधीर खरकटे आदि सहित छात्रावास के शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## गांधी सिटी पब्लिक स्कूल में फूड फेस्ट कार्यक्रम

**वर्धा.**



बाल-दिवस पर फूड फेस्ट मेनिया (फन गैदरिंग) और प्री-प्राइमरी टॉडलर छात्रों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चे स्वस्थ भोजन थीम पर तैयार हुए। उन्होंने अपने कार्यक्रम के माध्यम से संदेश दिया कि हमें स्वस्थ भोजन खाना चाहिए. इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और इसका आनंद उठाया।

कक्षा 1 से 10वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आनंद मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष संस्थान के अध्यक्ष पंडित शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री, संस्थान सचिव शिवकुमारीजी अग्निहोत्री, विद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रिया मिश्रा, स्कूल मैनेजर अभिजीत रघुवंशी, स्कूल के वाइस प्रिंसिपल विलास देशमुख इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दिन संस्था की सचिव शिवकुमारीजी अग्निहोत्री का जन्मदिन मनाया गया. तालसुर में एक गीत के रूप में उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। संस्थान के अध्यक्ष श्री. पंडित शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री ने अपने भाषण में छात्रों को आज के दिन का महत्व समझाया और आज पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर दुनिया भर में बाल दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चे फूलों की तरह हैं क्योंकि वे हमारी आने वाली भविष्य की दुनिया के नागरिक बनने जा रहे हैं इसलिए उन्हें फूलों की तरह ही संजोया जाना चाहिए और उन्हें आज के आनंद मेलावा के लिए शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में सभी अभिभावकों को आमंत्रित किया गया था। और कार्यक्रम को अभिभावकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली. स्कूल के कक्षा छह से 10 तक के छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया। विद्यार्थियों ने तरह-तरह के स्वादिष्ट व्यंजन बनाए थे। उन्होंने अपनी दुकानें सजा ली थीं और व्यंजन बेचने की तैयारी कर ली थी।

इस कार्यक्रम को अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने बहुत अच्छी प्रतिक्रिया दी है। विद्यार्थियों द्वारा बनाये और लाये गये तरह-तरह के स्वादिष्ट व्यंजन खरीदे गये और उनका लुत्फ़ उठाया गया। और छात्रों ने इस कार्यक्रम के माध्यम से बहुत पैसा कमाया। इस कार्यक्रम से उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। इस प्रकार विद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को कार्यक्रम के सफल समापन हेतु प्रोत्साहन एवं शुभकामनाएं दी।

## रेत की अवैध परिवहन करने वालों के खिलाफ कारवाई

**वर्धा.**

सहायक पुलिस अधीक्षक, राहुल चव्हाण, पुलगांव सहित एक टीम ने पुलिस स्टेशन, देवली, पुलगांव के एक स्टिंग ऑपरेशन किया, जिसमें 33,15,000 रुपये का कीमती मुद्देमाल जब्त किया गया। पुलिस थाना देवली परिक्षेत्र मौजा सोनेगाव बाई. में गोपनीय सूचना के आधार पर टीम के प्रेमराज अवचट, सफौ/1193 सुभाष गावड, सफौ/1116 दीपक जाधव, पोशी/635 संदीप बोरबन, पोशी/1464 सोनेगांव रामदास दराडे, पोशी/180 उमेश बेले, पोशी/1788 शुभम कावले ने यशोदा नदी के तटपर चल रहे अवैध तरीके से रेत का परिवहन करनेवालेंपर छापा मारकर 2 आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई और 18,10,000 रुपये की नकदी जब्त की गई। इसके अलावा मौजा पुलिस स्टेशन पुलगांव सीमा के भीतर तांभा शिवार में वर्धा नदी के तलहटी से रेत परिवहन करते समय 4 आरोपियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कर 15,05,000रुपये जब्त किये गये।



## नंदोरी चौक पर 2.50 लाख रुपये नकद बरामद

**हिंगनघाट.**



विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर पुलिस की सतर्कता अभियान के तहत हिंगणघाट के नंदोरी चौक पर नाकेबंदी के दौरान 2.50 लाख रुपये नकद राशि बरामद की गई। यह कार्रवाई वर्धा के पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन और अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर कवड़े के मार्गदर्शन में, उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोशन पंडित और हिंगनघाट पुलिस निरीक्षक मनोज गभणे के निर्देशन में की गई। पुलिस स्टेशन हिंगणघाट के अपराध प्रगटीकरण पथक के कर्मियों - पोहवा यशवंत गोल्हर, पो.ना. नरेंद्र आरेकर, राकेश अष्टनकर, विकास अवचट और पोका. संदीप बदकी ने 15 नवंबर 2024 की रात नंदोरी चौक पर एक सफेद चारपहिया वाहन (क्रमांक एमएच 34 एयू 5160) की जांच के दौरान 36 वर्षीय रविंद्र रामदास जीवतोडे (निवासी संत ज्ञानेश्वर वार्ड, हिंगनघाट) के पास से 2,50,000 रुपये नकद बरामद किए। जब रविंद्र से इस रकम के बारे में पूछताछ की गई, तो वह इसके स्रोत के बारे में कोई जानकारी नहीं दे सका और न ही उसके पास रकम से संबंधित कोई दस्तावेज उपलब्ध थे। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इस संदिग्ध रकम को तहसील कार्यालय हिंगणघाट के एफएसटी पथक-03 के प्रभारी प्रफुल भोयर को आगे की जांच और कार्रवाई के लिए सौंप दिया। इस कार्रवाई से चुनावी माहौल में अनियमितताओं पर रोक लगाने के पुलिस के प्रयासों को मजबूती मिली है।



## अग्निहोत्री-मेघे की दोस्ती सालों पुरानी

**वर्धा.**

जिंदगी में सबसे खूबसूरत चीज है दोस्ती. एक दूसरे की संगति से समृद्ध होना ही मित्रता है। दोस्ती रिश्तों, मामलों, हितों से परे एक खूबसूरत दुनिया है।

ऐसी मित्रता का एक बड़ा उदाहरण पंडित शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री और दत्ताजी मेघे हैं। पंडित और दत्ता मेघे की दोस्ती बचपन से ही लगभग पचास वर्षों से चली आ रही है। वे हमेशा एक-दूसरे के पारिवारिक कार्यक्रमों में भाग लेते हैं और खुशियाँ दोगुनी कर देते हैं। अग्निहोत्री परिवार और मेघे परिवार के बीच पारिवारिक संबंध हमेशा बढ़ते रहे हैं। पंडित शंकर प्रसाद अग्निहोत्री ने हाल ही में दत्ताजी मेघे के जन्मदिन पर उनके घर जाकर उनका सपत्नीक अभिष्टचिंतन किया. इस तरह की आत्मीय मित्रता दोनों मित्रों ने कायम रखी है और यह सभी के लिए प्रेरणादायी है।

## जिलाधिकारी ने मतदान कर्मियों को किया मार्गदर्शन

**गोंदिया.** गोंदिया जिले की चारों विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा। इसके तहत 66-आमगांव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में आज 14 नवंबर को मतदान पथकों का द्वितीय प्रशिक्षण शिविर आद्योगिक प्रशिक्षण संस्था देवरी में दो सत्रों में आयोजित किया गया था। जिलाधिकारी तथा जिला निर्वाचन अधिकारी प्रजित नायर ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था देवरी में आयोजित किए गए इस प्रशिक्षण शिविर के प्रथम सत्र में भेंट दी एवं मतदान पथकों को चुनाव का महत्वपूर्ण चरण अर्थात मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न कराने के विषय में मार्गदर्शन किया। उन्होने कहा कि मतदान प्रक्रिया अत्यंत जिम्मेदारी के साथ पुरी की जानी चाहिए। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई सभी सूचनाओं का कडाई से पालन करें। मतदान केंद्र पर सामग्री लेकर जाते समय उसकी जांच करें। मतदान के दिन महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का पालन कर उसकी जानकारी तैयार कर चुनाव विभाग को प्रस्तुत की जानी चाहिए। इस अवसर पर देवरी की उपविभागीय अधिकारी तथा चुनाव निर्णय अधिकारी कविता गायकवाड की अध्यक्षता में देवरी के सहायक निर्वाचन अधिकारी महेंद्र गणवीर, आमगांव की सहायक निर्वाचन अधिकारी मोनिका कांबले एवं सालेकसा के सहायक निर्वाचन अधिकारी नरसैया कोंडागुर्ले ने मतदान पथकों को प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में प्रत्यक्ष मतदान के समय प्राथमिकता से किए जाने वाले कार्य मतदान के दिन सभी यंत्र कार्यान्वित है अथवा नहीं इसकी पुष्टी करने मतदान प्रक्रिया शुरू होने से पहले मॉक पोल लेने, मतदान की कार्यपद्धती, ईवीएम एवं वीवीपॅट का संचालन किस तरह किया जाए, मतदान के दिन मतदाताओं के लिए सुलभता कैसी हो एवं मतदान प्रक्रिया के समय कोई समस्या निर्माण न हो इसके लिए आवश्यक सुचनाएं दी गई। मतदान के लिए उपयोग में लायी जाने वाली मशीनों के उपयोग का अधिक से अधिक प्रशिक्षण हो इसके लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया था।




## प्रिंट मीडिया में विज्ञापन का पूर्व प्रमाणीकरण आवश्यक

**गोंदिया.** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजनितिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणिकरण करने के लिए गोंदिया जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी तथा जिलाधिकारी प्रजित नायर की अध्यक्षता में माध्यम पूर्व प्रमाणिकरण और सनियंत्रण समिति (एमसीएमसी) स्थापित की गई है। विधानसभा चुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा। मतदान से पूर्व एक दिन 19 नवंबर और मतदान के दिन 20 नवंबर को प्रिंट मीडिया में प्रकाशित किए जाने वाले राजनितिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणिकरण करना आवश्यक है। ऐसे विज्ञापनों से संबंधित आवेदन विज्ञापन प्रकाशित करने की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले एमसीएमसी समिति के सामने प्रस्तुत करना होगा। इस अवधी में प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले प्रक्षोभक, गुमराह करने वाली अथवा द्वेष पूर्ण विज्ञापनों के कारण कोई अप्रिय घटना घटित न हो जिससे निर्वाचन प्रक्रिया में बाधा निर्माण हो।



## ब्रिलीअंट स्कूल में बाल दिवस मनाया

**हिंगनघाट.**

विद्या विकास शिक्षण संस्था हिंगनघाट द्वारा संचालित ब्रिलीअंट स्कूल हिंगनघाट यहां देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडीत जवाहरलाल नेहरु जयंती पर बालक दिन उत्साह में मनाया गया। इस प्रसंग पर अध्यक्ष अभय दांडेकर मुख्याध्यापक ब्रिलीअंट स्कूल हिंगनघाट तो अतिथी प्रा अजय बिरे की उपस्थिती थी। कार्यक्रम की शुरुआत बालक दिन के औचित्य पर छोटे बालको के हस्ते पूजन और माल्यार्पण करके किया गया। प्रसंगी पर प्रा अजय बिरे ने पंडीत जवाहरलाल नेहरु के जीवनपर रोशनी डाली। कार्यक्रम अध्यक्ष अभय दांडेकर ने सभी बच्चों को बालक दिन की शुभेच्छा दि। इस वक्त विद्यारीतियों के लिए विभिन्न स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमे छात्रों उत्साह से स्पराधा में भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यारथियों को नाश्ता दिया गया। कार्यक्रम संचालन शिक्षिका विद्या येनोरकर तो आभार शिक्षिका कल्याणी झिलपे ने माने। कार्यक्रम के सफलतार्थ सभी शिक्षिका शिक्षकेतर कर्मचारी वृंद और विद्यार्थी विद्यार्थिनियोने सहयोग किया।

## मधुमेह से अनेक बीमारियों का खतरा

### > विश्व मधुमेह दिवस पर जिला शल्य चिकित्सक डॉ.मोहबे का कथन

**गोंदिया.**



मधुमेह के दिनोंदिन बढ़ते जा रहे मरीजों की संख्या को देखते हुए शासन की ओर से राष्ट्रीय असंसर्गजन्य रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी स्वास्थ्य केंद्रों में रक्त श्रृंखला की जांच नि:शुल्क की जाती है। मधुमेह एक ऐसी समस्या है, जो सारे विश्व में तेजी से फैल रही है। मधुमेह के सर्वाधिक पीड़ित भारत में है। आहार एवं जीवनशैली में बदलाव यह मधुमेह का सबसे बड़ा कारण है। यह एक बीमारी नहीं है, लेकिन इससे अनेक बीमारीयों का खतरा बढ़ जाता है। इसके लिए शुरू से ही मधुमेह पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। उक्ताशय के उद्गार जिला शल्य चिकित्सक डा. अमरीश मोहबे ने 14 नवंबर को केटीएस जिला अस्पताल के बाह्य रूग्ण विभाग में जिला प्रशासन की ओर से विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। भगवान धन्वंतरी के पूजन एवं दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. नितीन वानखेड़े, अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डा. तृप्ती कटरे, डा. गुरूराज खोब्रागडे, डा. पोषण बिसेन, डा. भारती जायस्वाल, डा. स्नेहा वंजारी, डा. कांचन भोयर आदि उपस्थित थे। डा. मोहबे ने कहा कि मधुमेह वेदनारहित बीमारी है। बिना जांच के इसके लक्षण पता नहीं चलते, भूख, प्यास अधिक लगना, बार-बार पेशाब आना इसके प्राथमिक लक्षण है। रक्त में सरकरा का प्रमाण बढ़ने पर कितना भी भोजन करें तो भी वजन कम होता जाता है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. नितीन वानखेड़े ने कहा कि इस वर्ष की थीम 'ब्रेकिंग बेरियर्स-ब्रिजिंग गैप्स' है। डा. पोषण बिसेन ने 30 वर्ष आयु वर्ग के सभी लोगों से नियमित ब्लड शुगर की जांच करने का आव्हान किया। डा. स्नेहा वंजारी ने एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत की जाने वाली विविध प्रकार की जांच की जानकारी दी। डा. कंचन भोयर ने व्यायाम के विषय में मार्गदर्शन किया।

### 22 कर्मचारियों ने लाभ उठाया

इस अवसर पर कार्यालयीन कर्मचारियों के लिए ब्लड प्रेशर और आरबीएस जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसका 22 कर्मचारियों ने लाभ उठाया। कार्यक्रम की सफलता के लिए डा. ज्योती राठोड, डा. अमोल राठोड़, अर्चना शिवणकर, स्वाती पाटील, उज्वला सेलोकर, मीना रेवतकर, निधी रहांगडाले, तारकेश उके और विवेकानंद कोरे ने प्रयास किया।

## आईएसएमपी ने मनाया बाल दिवस

### >बच्चों ने नृत्य, भाषण, कविता की दी प्रस्तुतियां

**वर्धा.**



इंटेलेक्चुअल सोसाइटी ऑफ़ मीडिया प्रोफेशनल्स (आईएसएमपी) वर्धा की ओर से भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर बाल दिवस मनाया। प्रतापनगर स्थित ब्राइट कैरियर अकॅडमी में आयोजित बाल दिवस कार्यक्रम में बच्चों ने गीत, भाषण एवं नृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभाओं का परिचय दिया। इस अवसर पर एड. नीलकंठ हूड व महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी बी एस मिरगे ने पं. जवाहरलाल नेहरू के जीवन एवं कार्यों पर विचार व्यक्त करते हुए बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान नमश्री चांडक, वैष्णवी किरपाल, सान्वी, शिवम, अर्णव, अक्षत, आरोही, अर्शिका आदि बच्चों ने नृत्य, भाषण एवं कविताएं प्रस्तुत की। इस अवसर पर वन्य जीव प्रतिपालक एवं आईएसएनपी के महाराष्ट्र अध्यक्ष कौशल मिश्र, मनोहर टिपले, श्याम तुपकर, राजकुमार पांडे, एड. ताम्रध्वज बोरकर, विकास मिश्र, प्रगति मिरगे, प्रिया कुमारी, वैभव इंगोले, तेलंग मॅडम, अंजली वाघ, शुभम एवं भव्य मुनोत आदि सहित विद्यार्थी नीरव तेलंग, विभूर जैन, वैंनवी किरपाल, परी श्रीवास, सोहम तडस, सर्वज्ञ वाघ, भव्य व लव्य मुनोत, भार्गवी चिंतावार, शिवम शर्मा, अर्णव रोकडे, शौर्य इंगोले, सोनू टिपले, श्रिजा इंगोले उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नीलिमा मुनोत ने किया तथा रुद्रांश श्रीवास ने आभार माना।

# हिंगना विधानसभा क्षेत्र में स्त्रीशक्ति का जागर

> मेघे के प्रचार में पत्नी, बहनें और बहनें भी शामिल

**नागपुर.**

हिंगना विधानसभा क्षेत्र में भाजपा महायुती के उम्मीदवार समीर मेघे के चुनाव प्रचार में उनका पूरा परिवार सक्रिय रूप से शामिल है, जिससे हर घर में पारिवारिक उत्साह देखने को मिल रहा है।

समीर मेघे के बड़े भाई और पूर्व विधायक सागर मेघे इस चुनाव प्रक्रिया के मुख्य स्तंभ हैं और हमेशा की तरह 'किंग मेकर' की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, समीर के बेटे राघव ने भी नए पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रचार में भाग लिया है। लेकिन सबसे



खास चर्चा समीर मेघे की पत्नी वृंदा मेघे, उनकी बहनें देविका मेघे और स्मिता मेघे की है, जिन्होंने प्रचार में अहम भूमिका निभाई है।वृंदा मेघे, जो एक मारवाड़ी परिवार से हैं, न केवल परिवारिक कार्यक्रमों जैसे हलदीकुंकू और छट पूजा में हिस्सा ले रही हैं, बल्कि महिलाओं के बीच भी सक्रिय रूप से संवाद स्थापित कर रही हैं। वृंदा ने कहा, "मैं केवल चुनाव के लिए नहीं, बल्कि हमेशा ऐसे आयोजनों में भाग लेती रही हूं।" सागर मेघे की पत्नी देविका मेघे समीर के प्रचार में हिम्मत और जोश के साथ सक्रिय हैं। वे समीर के विकास कार्यों के बारे में सभाओं में बात करती हैं और महिलाओं को स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित करती हैं। समीर मेघे की बहनें स्मिता मेघे और संगीता ग्रोवर भी प्रचार की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। स्मिता, जो एक प्रभावी वक्ता हैं, अपने संवाद से प्रचार में सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त कर रही हैं।

समीर मेघे की सफलता के पीछे उनकी माँ शालिनीताई मेघे के आशीर्वाद के साथ-साथ उनकी पत्नी, बहनें और बहनें उनकी ताकत बनकर खड़ी हैं, जो उनके आत्मविश्वास को और भी बढ़ा रही हैं।

### समीर मेघे की सफलता में परिवार की ताकत

हर सफल पुरुष के पीछे एक महिला होती है, इस कथन को चरितार्थ करते हुए, समीर मेघे के साथ उनकी पत्नी, बहनें और माँ की ताकत दिखाई दे रही है, जो उनके जीतने की राह को और आसान बना रही हैं।

# बावनकुले को कामठी-मौदा में जोरदार जनसमर्थन

**कामठी.**

महायुती भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी चंद्रशेखर बावनकुले को कामठी-मौदा विधानसभा क्षेत्र में जबरदस्त जनसमर्थन मिल रहा है। शंकरपुर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भाजपा सरकार के विकास कार्यों की प्रशंसा की।

चुनावी प्रचार के तहत चंद्रशेखर बावनकुले ने शंकरपुर के लोगों से संवाद स्थापित किया, उनकी समस्याएं सुनीं और क्षेत्र के विकास के लिए अपने वादों की जानकारी दी। नागरिकों ने महायुती सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को सराहते हुए आगामी चुनाव में समर्थन देने का भरोसा जताया। बावनकुले ने क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने का आश्वासन देते हुए कहा, आपका एक-एक वोट इस क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। कमल के निशान पर मतदान करें और विकास की इस यात्रा को जारी रखें। शंकरपुर के निवासियों ने भाजपा सरकार द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की और विकास को प्राथमिकता देते हुए कमल को वोट देने का वादा किया। कामठी-मौदा विधानसभा क्षेत्र में चंद्रशेखर बावनकुले का यह प्रचार अभियान जनता के बीच भाजपा की मजबूत स्थिति को दर्शा रहा है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मतदान के दिन यह जनसमर्थन वोटों में कितना बदलता है।



# पांडव की रैली में उमड़ा जनसैलाब



**नागपुर.**

महाविकास आघाडी कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार गिरीश कृष्णराव पांडव ने अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए न्यु कैलास नगर से एक भव्य रैली निकाली। इस रैली में बड़ी संख्या में समर्थकों ने भाग लिया और गिरीश पांडव को आशीर्वाद दिया।

रैली में पांडव ने अपने जोश और उत्साह के साथ जनता से संवाद किया और उन्हें विकास की दिशा में अपने संकल्प से अवगत कराया। उन्होंने कहा, दक्षिण नागपुर की जनता के उज्जवल भविष्य के लिए मैं कटिबद्ध हूं। अगर जनता ने मुझे एक मौका दिया, तो हम क्षेत्र में प्रगति का नया अध्याय लिखेंगे और हर समस्या का ठोस समाधान करेंगे। पांडव ने जनता से अपील की कि वे इस परिवर्तन की प्रक्रिया में उनका साथ दें, ताकि क्षेत्र में वास्तविक बदलाव लाया जा सके। हजारों समर्थकों की भागीदारी और उनकी आँखों में उम्मीद की झलक गिरीश पांडव की जीत की ओर एक सकारात्मक संकेत है। अब देखना यह है कि दक्षिण नागपुर की जनता इस परिवर्तन के संदेश को किस हद तक समर्थन देती है।

# कोहले की बाईक रैली और जनसंपर्क अभियान

**नागपुर.**



भाजपा महायुती के उम्मीदवार सुधाकर कोहले ने पश्चिम नागपुर विधानसभा क्षेत्र में 14 नवंबर को एक भव्य बाईक रैली का आयोजन किया। रैली झिंगाबई टाकली वार्ड के प्रभाग 11 में संपन्न हुई, जिसमें कार्यकर्ताओं और समर्थकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इसके बाद, सुधाकर कोहले ने मानकापूर वार्ड में जनसंपर्क अभियान चलाया, जहां उन्होंने नागरिकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना।

सुधाकर कोहले ने क्षेत्र के विकास, रोजगार, शैक्षणिक सुविधाओं, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे उनके साथ मिलकर इस विकास यात्रा को आगे बढ़ाएं। उनकी जनसभा में उमड़ी भारी भीड़ और लोगों का उत्साह उनके प्रति जनता के विश्वास को प्रदर्शित करता है। सुधाकर कोहले का यह प्रचार दौरा पश्चिम नागपुर में बदलाव और विकास के प्रति एक मजबूत संदेश दे रहा है। अब यह देखना होगा कि जनता इस अभियान को कितना समर्थन देती है और क्षेत्र में किस प्रकार का परिवर्तन आता है।

# मुलक के प्रचार दौरे को नागरिकों का उत्साही समर्थन

**रामटेक.**



रामटेक विधानसभा चुनाव के लिए राजेंद्र मुलक का जन आशीर्वाद प्रचार दौरा 15 नवंबर 2024 को मनसर शितलवाडी जिला परिषद सर्कल के चिचाला से शुरू हुआ। इस दौरान नागरिकों ने उन्हें भारी उत्साह और स्नेह के साथ स्वागत किया, और अपना समर्थन व्यक्त किया।

प्रचार दौरे के दौरान राजेंद्र मुलक ने कहा, "मैं हमेशा नागरिकों की सार्वजनिक और व्यक्तिगत समस्याओं को समझने और उनका समाधान निकालने के लिए ईमानदारी से प्रयास करता रहा हूं। आज इसके परिणाम दिखाई दे रहे हैं, और नागरिकों ने मुझे विधानसभा में भेजने का दृढ़ संकल्प लिया है।"

उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि रामटेक के विकास के लिए उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा और वे हमेशा आम जनता के हित के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। राजेंद्र मुलक के प्रचार दौरे में नागरिकों का समर्थन और विश्वास बढ़ रहा है, जिससे उनकी चुनावी विजय की उम्मीद और भी मजबूत हो रही है।

# मते ने किया जनता से समर्थन का आह्वान

**नागपुर.**

दक्षिण नागपुर में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच भाजपा ने एक भव्य रैली का आयोजन किया। लक्ष्मी नारायण मंदिर, भोसलेवाडा से लेकर ताजबाग तक आयोजित इस रैली में भाजपा महाराष्ट्र प्रदेशाध्यक्ष, मा. चंद्रशेखर बावनकुले और नागपूर महानगर अध्यक्ष, मा. बंटी कुकडे प्रमुख रूप से उपस्थित थे। रैली के दौरान मोहन मते ने दक्षिण नागपूर के नागरिकों से भाजपा महायुती को वोट देने और उन्हें विजयी बनाने का आह्वान किया।



मोहन मते ने रैली के दौरान कहा, दक्षिण नागपूर का विकास अब रुकने वाला नहीं है। हम सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के समर्थन से इस क्षेत्र में लगातार विकास की धारा बहा रहे हैं। आज मैं आपसे एक वचन मांगता हूं, भाजपा महायुती के प्रति अपना समर्थन दिखाएं और मुझे विधान सभा में भेजने का अवसर दें। रैली के समापन पर चंद्रशेखर बावनकुले और बंटी कुकडे ने भी जनता से भाजपा महायुती को वोट देने की अपील की और कहा कि दक्षिण नागपूर में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। इस दौरान रैली में शामिल लोगों का उत्साह और समर्थन स्पष्ट रूप से देखा गया। दूसरी ओर, तिरले कुणबी समाज द्वारा आयोजित दीपावली मिलन कार्यक्रम में भी मोहन मते ने हिस्सा लिया। समाज के सभी बंधु-भगिनी से विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा, आपका समर्थन ही हमारी ताकत है, और हम समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए हमेशा खड़े रहेंगे।

दक्षिण नागपूर में चुनावी माहौल पूरी तरह से गर्मा गया है, और भाजपा महायुती के पक्ष में भारी समर्थन मिल रहा है।

# रामटेक में शिवसेना-महायुति के प्रचार दौरे को भारी समर्थन

**रामटेक.**

शिवसेना-महायुति के उम्मीदवार आशिष नंदकिशोर जयस्वाल ने 14 नवंबर को नगरधन-भंडारबोडी सर्कल में जनसंवाद पद यात्रा की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने खंडाला , मसला, बोरी, घोटीटोक, घोटी, लोहारा, महादुला, किरणापूर, शिवनी भोंडकी, हसापुर टोली, भंडारबोड़ी, सालईमेटा, आसोली और चोखाला जैसे इलाकों में जनसमूह से संवाद किया।

जयस्वाल ने रामटेक विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों को साझा करते हुए जनता से समर्थन की अपील की। उन्होंने सड़कों के निर्माण, जलसंधारण, किसानों के लिए बांध और पाणंद सड़क योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का जिक्र किया, जिनसे क्षेत्र के विकास में अहम योगदान हुआ है। इसके अलावा, महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजनाओं के सफलतापूर्वक कार्यान्वयन की भी जानकारी दी।



आशिष नंदकिशोर जयस्वाल ने कहा, "हमारे द्वारा किए गए विकास को आगे बढ़ाना है, इसके लिए आगामी चुनावों में शिवसेना-महायुती के धनुष्यबाण चिन्ह पर मतदान करें।" उन्होंने विरोधियों पर आरोप लगाया कि वे केवल दिशाभूल करने वाले आश्वासन दे रहे हैं और उनके पास विकास के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। इस दौरान, ग्रामवासियों ने शिवसेना-महायुती को पुनः विजयी बनाने का संकल्प लिया।

# शहीद बिरसा मुंडा जयंती मनाई

## ताकपीरे गुरूजी सार्वजनिक वाचनालय का आयोजन



**दिग्रस।**

दिग्रस शहर में शुक्रवार 15 नवंबर 2024 को ताकपीरे गुरूजी सार्वजनिक वाचनालय बापू नगर में शहीद बिरसा मुंडा जयंती मनाई गई. इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष के तौर पर सेवानिवृत्त कर-निरीक्षक विजय सरदार के हाथों शहीद बिरसा मुंडा की प्रतिमा को पुष्पहार अर्पण किया गया. इस कार्यक्रम में वाचनालय कर्मचारी ग्रंथपाल जितेंद्र चौधरी, लिपिक गौरव दुधे, सिपाई प्रणित राऊत, वाचकवर्ग गणेश इंगोले विद्यार्थी शंकर गायकवाड छात्रा सुषमा राठोड, वैष्णवी राठोड आदि मान्यवर उपस्थित थे.

# आयुष्मान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**सौंसर.** आयुष्मान आरोग्य शिविर की थीम 'परिवार नियोजन, गर्भनिरोधक अन्य प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल सेवाए' अंतर्गत को शिविर का आयोजन आयुष्मान आरोग्य मंदिर रिधोरा में किया गया शिविर का शुभारंभ सरपंच प्राची केंचे ने किया। डॉ सोना नाग शिववेदी होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी द्वारा रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरण किया गया साथ ही विश्व मधुमेह दिवस अंतर्गत ग्रामीणजन का बल्ड शुगर एवं बी पी की जांच की गई । महिलाओं को स्वस्थ्य एवं तनाव मुक्त रहने के लिये योग प्राणायाम एवं ध्यान कराया गया तथा प्रतिदिन योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया शिविर में छाया मरकाम अशोक लवाले एवं उपस्थित जनसामान्य का सहयोग रहा ।

# छात्राओं को मोबाइल के उपयोग में सतर्कता बरतने की सलाह

> विधिक साक्षरता शिविर में छात्राओं को दी गई कानूनी जानकारी

**सौंसर.**

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तहसील विधिक सेवा समिति और सिविल न्यायालय द्वारा विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायाधीश सौम्या सिंह उपस्थित थीं। उन्होंने छात्राओं और शिक्षकों को विभिन्न कानूनी पहलुओं की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर न्यायाधीश सौम्या सिंह ने छात्राओं को पैतृक संपत्ति में अधिकार, बच्चों के लिए बना क्रूरता अधिनियम, दहेज विरोधी कानून, सूचना का अधिकार, और पॉक्सो एक्ट के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के संरक्षण के बारे में जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने



शिक्षा, स्वतंत्रता, और आत्मनिर्भरता के महत्व को भी रेखांकित किया। सौम्या सिंह ने छात्राओं को मोबाइल के सुरक्षित और सतर्क उपयोग पर भी जोर दिया। उन्होंने ऑनलाइन अपराधों, जैसे वीडियो कॉल के जरिए ब्लैकमेल करना और वर्चुअल अरेस्ट के मामलों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को न्यूज़पेपर पढ़ने की सलाह देते हुए कहा कि इससे उन्हें कानून, करियर, शिक्षा, और नौकरी के अवसरों के बारे में जानकारी मिलती है। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक सूर्य कीर्ति काले ने संविधान निर्माण, विधायिका, कार्यपालिका, और न्यायपालिका के कार्यों की जानकारी दी और कानून के क्षेत्र में करियर निर्माण के अवसरों पर भी चर्चा की। शिविर में छात्राओं ने कानून से संबंधित प्रश्न पूछे और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान न्यायाधीश सौम्या सिंह ने किया। अंत में, छात्राओं प्रतिमा कुमरे और कु. मीनाक्षी मरकाम ने न्यायाधीश सौम्या सिंह को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुस्तक भेंट की। कार्यक्रम का संचालन सूर्य कीर्ति काले ने किया और आभार प्रदर्शन राजरत्न बागडे ने किया। न्यायाधीश सौम्या सिंह ने आगामी दिसंबर में होने वाली लोक अदालत की जानकारी भी प्रदान की और सभी से इसका लाभ उठाने की अपील की।

# विट्ठल मंदिर में कार्तिक त्रिपुरारी पूर्णिमा पर धार्मिक आयोजन

**सौंसर.** विट्ठल मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी कार्तिक त्रिपुरारी पूर्णिमा के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 15 नवम्बर 2024 को रात 9:00 बजे से कीर्तन और त्रिपुरारी प्रज्वलन कार्यक्रम की शुरुआत होगी, जिसमें रात 12 बजे त्रिपुर प्रज्वलन और पंचकोशी यात्रा संपन्न होगी।

16 नवम्बर 2024 को सुबह 10 बजे हरि भक्त परायण भूषण महाराज आनंदी कर का कीर्तन और दहलाही कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम विट्ठल मंदिर परिसर में होगा, और 12:30 बजे दहलाही प्रसाद के बाद दोपहर 1:00 बजे पालकी दंडी यात्रा नगर भ्रमण के लिए निकलेगी, जो फिर मंदिर में वापस लौटेगी।

ट्रस्ट मंदिर समिति के अध्यक्ष सोनबा झाड़े ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस साल भी कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर को फूलों और रंगीन लाइट्स से सजाया गया है, और विभिन्न धार्मिक आयोजन बड़े धूमधाम से संपन्न होंगे।


| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 790-6 | 556-6 |
| श्रीदेवी नाईट | 160-7 | 688-2 |
| प्रभात | 348-5 | 288-8 |
| प्रभात नाईट | 123-6 | 400-4 |
| डायमंड | 379-9 | 248-4 |
| मेन बाजार | 157-3 | ---- |
| मिलन डे | 445-3 | 139-3 |
| मेन रतन | 466-6 | ---- |
| कल्याण | 588-1 | 478-9 |
| राजधानी डे | 600-6 | 268-6 |
| राजधानी नाईट | 580-3 | ---- |
| कुबेर डे | ---- | ---- |
| डायमंड नाईट | 369-8 | 770-4 |


# भाजपा महायुति वचन पूरा करने वाली सरकार: बावनकुले

> समग्र विकास की गारंटी और विजय का आह्वान

**नागपुर.**

दौर में किसानों को अच्छे बाजार, रोजगार के अवसर, बुनियादी सुविधाएं और सुरक्षा की आवश्यकता है। भाजपा सरकार सिर्फ वचन देने वाली सरकार नहीं, बल्कि वचन निभाने वाली सरकार है।

मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपके लिए कड़ी मेहनत करके नागपुर ग्रामीण क्षेत्र को एक आदर्श निर्वाचन क्षेत्र बनाने का मेरा संकल्प है। यह बात भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कही।

कामठी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा- महायुति उम्मीदवार चंद्रशेखर बावनकुले ने नागपुर ग्रामीण तहसीलों के डोंगरगाव, जामठा, परसोड़ी, खापरी गावठाण, खापरी पुनर्वसन, शंकरपुर, सालई, चिकना, हुडकशवर, पिपला कॉलोनी और पिपला गांव के मतदाताओं से संवाद किया।

इस मौके पर दुर्गा शंकर ठाकुर, रुपलाल शिंगणे, यशपाल भटेरो, केशव सोनटक्के, सचिन घोडे, सुनील कोडे, नरेश भोयर, दिलीप नंदागवली, पप्पू ठाकूर, कोहराम, टेकाम, ढगे, रोकडे, अमोल मेश्राम, बोरगे, केशव सोनटक्के, सुनील बोरीकर, सचिन मस्के, सोनटक्के, प्रमोद डेहनकर, सुनील बोरीकर, विनोद ठाकरे, सचिन इंगले, रत्नाकर कालपांडे, दामू शिंदे, बालू शिंगणे, गुलशन मानकर, प्रमोद मिसाल, मुकेश भोयर, राजू बोटरे, सुनील कोहले, वानखेडे, सचिन घोडे आदि उपस्थित थे।



### क्षेत्रीय विकास के लिए भाजपा के प्रयासों का जिक्र

इस क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्धता जताते हुए बावनकुले ने कहा कि, नागपुर शहर के पास स्थित इस क्षेत्र में किसानों की समस्याओं के साथ-साथ रोजगार निर्माण, बुनियादी सुविधाएं और सामाजिक प्रगति में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए भाजपा के सभी जनप्रतिनिधि प्रयासरत हैं। यह क्षेत्र कामठी विधानसभा का हिस्सा होने के कारण, आप केवल मेरे मतदाता नहीं, बल्कि मेरे परिवार का हिस्सा हैं। पिछले कुछ वर्षों में आपके समर्थन से ही भाजपा सरकार ने महाराष्ट्र में कई विकास परियोजनाओं को आकार दिया है। हालांकि, अपने क्षेत्र के विकास को और तेजी से आगे बढ़ाने के लिए मुझे आपके समर्थन की आवश्यकता है।

# मासोद और मूर्ति में प्राथमिक स्वास्थ्य अधिकारी के पदों पद रिक्त

> आदिवासी क्षेत्रों के नागरिकों को हो रही स्वास्थ्य सेवाओं में कठिनाई

**कामठी.**

महाराष्ट्र चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत, आयुर्वेद डिग्री धारकों (बीएएमएस) को संविदा चिकित्सा अधिकारियों के रूप में नियुक्त किया जाएगा, जब तक इस संवर्ग में नियमित चिकित्सा अधिकारी नहीं मिल जाते। इस संबंध में सरकारी आदेश जारी कर दिया गया है।

हालांकि, नागपुर जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र मासोद और मुर्ती के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पिछले दस माह से चिकित्सा अधिकारी के पद रिक्त हैं। मासोद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ अधिकारी के अभाव में मासोद, कामठी, बोपापुर, किनखोदा, धोतीवाड़ा, खापा जैसे ग्रामीण इलाकों में कोई चिकित्सा अधिकारी उपलब्ध नहीं हैं, जिससे इन क्षेत्रों के नागरिकों की स्वास्थ्य देखभाल पर गंभीर असर पड़ रहा है।

मासोद ग्राम पंचायत के सरपंच रंजू प्रकाशराव बारंगे ने बताया कि महाराष्ट्र की सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में लगातार भर्तियां हो रही हैं, लेकिन इसके बावजूद अधिकांश



पद खाली पड़े हैं, विशेष रूप से महाराष्ट्र मेडिकल ऑफिसर (ग्रुप बी) के पद। मासोद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित नागपुर जिले के अधिकांश आयुर्वेदिक केंद्रों की स्थिति भी गंभीर है। इसके कारण, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है, जो लाखों आम नागरिकों और रोगियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में बड़ी कठिनाई पैदा कर रहा है।

सरपंच रंजू बारंगे ने नागपुर जिला परिषद के जिला स्वास्थ्य अधिकारी से मासोद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रिक्त पदों को भरने की अपील की है, ताकि आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर प्रबंधन हो सके।